SUMITOMO
ELECTRIC
GROUP

# वैश्विक निजता नीति

## 1. इस नीति के बारे में

Sumitomo Electric Group ("हम", "हमें", "हमसे", "हमारा", "हमारी", या "हमारे") ने हमारे हितधारकों (सामूहिक रूप से, "आप") के व्यक्तिगत डेटा की उचित संसाधन के लिए और आपके अधिकारों व हित के संरक्षण के लिए यह वैश्विक निजता नीति (यह "नीति") स्थापित की है।

यह नीति समझाती है कि हम आपके व्यक्तिगत डेटा के संसाधन से संबंधित कानूनों के आधार पर आपके व्यक्तिगत डेटा को किस तरह संसाधित करते हैं। लागू डेटा संरक्षण कानूनों और इस नीति के अनुसरण में, हम आपसे संबंधित व्यक्तिगत डेटा के अनधिकृत उपयोग, प्रकटन, संशोधन आदि की रोकथाम के प्रयास कर्मठता से करने के द्वारा आपके व्यक्तिगत डेटा के सुरक्षित व उपयुक्त प्रबंधन का संकल्प लेते हैं।

आप इस नीति के साथ-साथ हमारी ग्रुप कंपनियों (जैसी नीचे परिभाषित हैं) द्वारा प्रदत्त कुछ विशिष्ट नीतियों और केवल कुछ उत्पादों या सेवाओं पर लागू होने वाली नीतियों के अधीन हो सकते हैं। इन विशिष्ट नीतियों में वर्णित खंड जिस सीमा तक इस नीति में वर्णित खंडों के विरोधार्थी हों उस सीमा तक ये विशिष्ट नीतियाँ इस नीति का स्थान लेंगी।

विशेष रूप से, यदि निम्नलिखित देशों, क्षेत्रों या राज्यों के कोई कानून लागू होते हों, तो इस नीति के साथ-साथ निम्नलिखित लागू नीति भी लागू होगी।

SUMITOMO ELECTRIC GROUP

- **जापान** : जापान निजता नीति
- **यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र (EEA) /UK** : EEA एवं UK निजता नीति
- **कैलिफ़ोर्निया** : कैलिफ़ोर्निया निजता अधिकार अधिनियम (प्रिवेसी राइट्स एक्ट) हेतु अनुशेष

हमारी वेबसाइट में तृतीय-पक्ष वेबसाइटों को जाने या से आने वाले लिंक हो सकते हैं। इन तृतीय-पक्ष वेबसाइटों की, और उनके माध्यम से जो भी सेवाएँ एक्सेस की जा सकती हों उन सेवाओं की, अपने स्वयं की निजता नीतियाँ हैं। किसी भी तृतीय-पक्ष की निजता परिपाटियों के लिए हम ज़िम्मेदार नहीं हैं। हम आपको प्रेरित करते हैं कि जब आप हमारी वेबसाइट छोड़ें तो इस बात के प्रति सजग रहें और इन तृतीय-पक्ष वेबसाइटों पर लागू होने वाली निजता नीतियों को पढ़ें।

## 2. हमारे द्वारा प्राप्त व्यक्तिगत डेटा

हमारे द्वारा प्राप्त व्यक्तिगत डेटा की श्रेणियाँ इस प्रकार हैं:

- **पहचान और संपर्क डेटा**

  नाम, आयु, जन्म तिथि, लिंग, व्यवसाय, पता, निवास का देश, और संपर्क विवरण से संंबंधित अन्य जानकारी, जैसे फोन नंबर, ईमेल पता, और सोशल मीडिया अकाउंट।

- **उत्पादों और सेवाओं का डेटा**

  आपने जो उत्पाद और सेवाएँ खरीदी हैं (आप जो उत्पाद व सेवाएँ खरीदने का इरादा रखते हैं वे शामिल) से संबंधित जानकारी (जिसमें उत्पाद क्रमांक, उत्पाद के मॉडल का विवरण,

वॉरंटियों से संबंधित जानकारी, उत्पादों की स्थिति और उपयोग से संबंधित जानकारी, स्थान की जानकारी, सर्विस इतिहास, और वह स्टोर जहाँ से उत्पाद या सेवाएँ खरीदे गए थे);

- **संचार डेटा**

  आपके द्वारा प्रदत्त आपके विचारों, अनुरोधों, प्रश्नों, सर्वेक्षणों के उत्तरों और अन्य जानकारी से संबंधित विवरण;

- **तकनीकी डेटा**

  तकनीकी डेटा में शामिल हैं एक्सेस डेटा, इंटरनेट प्रोटोकॉल (IP) पता, आपका लॉग-इन डेटा, ब्राउज़र का प्रकार और संस्करण, समय ज़ोन की सेटिंग और स्थान, ब्राउज़र प्लग-इन के प्रकार और संस्करण, ऑपरेटिंग सिस्टम और प्लेटफ़ॉर्म तथा यह वेबसाइट एक्सेस करने हेतु आपके द्वारा प्रयुक्त डिवाइसों में मौजूद टेक्नॉलजी;

- **उपयोग डेटा**

  इस बारे में जानकारी कि आप हमारी वेबसाइट, उत्पादों और सेवाओं का उपयोग किस तरह करते हैं;

- **मार्केटिंग डेटा**

  हमसे या हमारे द्वारा संलग्न तृतीय-पक्षों से मार्केटिंग प्राप्त करने के संबंध में आपकी प्राथमिकताएँ और आपकी संचार प्राथमिकताएँ;

- **आवेदन-संबंधी जानकारी**

  यदि आप हमारे लिए कार्य करने का आवेदन करते हैं तो अनुभव, शिक्षा और कार्य करने के अधिकार की जाँचों से संबंधित जानकारी;

- किसी व्यक्ति से संबंधित ऐसी जानकारी जो अनुभाग 4 में वर्णित व्यक्तिगत डेटा की संसाधन के प्रयोजन पूरे करने के लिए प्राप्त या व्युत्पन्न की गई है, और

- वह जानकारी जिसके लिए हम अलग सूचना प्रदान करते हैं।

हम स्वास्थ्य, आनुवंशिक डेटा, यौन झुकाव संबंधी डेटा, या इस जैसे अन्य डेटा से संबंधित आपके डेटा का प्रकटन करने वाली संवेदनशील जानकारी तब तक प्राप्त या प्रयोग नहीं करेंगे जब तक कानूनों और अध्यादेशों में ऐसा करने का प्रावधान न हो या आप हमें ऐसा करने पर अपनी सहमति न दें।

कानून या अनुबंध द्वारा व्यक्तिगत डेटा प्रदान किया जाना आवश्यक किया जाने के कारण, या अन्य कारणों के चलते, आपके लिए हमें कुछ डेटा प्रदान करना आवश्यक हो सकता है। ऐसे में, यदि आप अपना व्यक्तिगत डेटा नहीं देते हैं तो हम आपको अपनी सेवा नहीं दे पाएंगे।

## 3. हम आपका व्यक्तिगत डेटा किस तरह एकत्र करते हैं

हम ऊपर वर्णित व्यक्तिगत डेटा दो तरह से प्राप्त कर सकते हैं, पहला, सीधे आपसे, और दूसरा तृतीय-पक्षों जैसे ठेकेदारों, व्यावसायिक भागीदारों, और सोशल मीडिया प्रदाताओं (जिनमें Facebook और Google शामिल हैं) के ज़रिए और हमारे द्वारा प्रदत्त उत्पादों व सेवाओं के जरिए।

और विशिष्ट रूप से कहें तो, हम इनमें से प्रत्येक स्रोत से आपका निम्नलिखित व्यक्तिगत डेटा एकत्र व प्रोसेस करते हैं:

1. **वह जानकारी जो आप हमें देते हैं**

   इसमें आपसे संबंधित वह जानकारी शामिल है जो आप हमें हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध पूछताछ फ़ॉर्मों के ज़रिए, या ई-मेल, पत्र अथवा किसी अन्य विधि से हमसे पत्राचार करने के द्वारा हमें देते हैं।

2. **वह जानकारी जो तृतीय-पक्ष हमें देते हैं**

   इसमें आपसे संबंधित वह जानकारी शामिल है जो तृतीय-पक्ष हमें हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध पूछताछ फ़ॉर्मों के ज़रिए, या ई-मेल, पत्र अथवा किसी अन्य विधि से हमसे पत्राचार करने के द्वारा हमें देते हैं।

3. **वह जानकारी जो हम आपसे स्वचालित ढंग से एकत्र करते हैं**

   जब आप हमारी वेबसाइट पर आते हैं, तो वेबसाइट आपसे संबंधित कुछ प्रकार का डेटा स्वचालित ढंग से एकत्र करती है। डेटा के इन प्रकारों में शामिल हैं एक्सेस लॉग, वेब बीकन

(जिन्हें पिक्सल भी कहते हैं) और कुकीज़ आदि। इन प्रकारों वाला डेटा आपके कंप्यूटर में बना रह सकता है और डेटा एकत्रण जारी रख सकता है।

## 4. व्यक्तिगत डेटा की संसाधन का प्रयोजन

हमारे द्वारा एकत्र व्यक्तिगत डेटा को निम्नलिखित प्रयोजनों तथा लागू कानूनों और विनियमों के दायरे के भीतर कुछ विशिष्ट कार्यों के लिए केवल अधिकृत कार्मिकों द्वारा प्रोसेस किया जाता है।

1. ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों, व्यावसायिक भागीदारों या वेबसाइट उपयोक्ताओं (सामूहिक रूप से, "व्यावसायिक भागीदारों") का व्यक्तिगत डेटा

- हमारे उत्पादों और सेवाओं का प्रचार-प्रसार जिसमें संबंधित जानकारी की प्रदायगी (जैसे कैटलॉग डिलीवरी) शामिल है
- हमारे उत्पादों और सेवाओं की बिक्री/आपूर्ति, और ग्राहक सहायता
- हमारे उत्पादों और सेवाओं का विकास
- ऑफ़र किए गए उत्पादों, ऑफ़रों, प्रमोशनों, पुरस्कारों, इवेंटों, और सेवाओं के बारे में संभावित और वर्तमान व्यावसायिक भागीदारों को प्रत्यक्ष मार्केटिंग पहुँचाना
- व्यावसायिक भागीदारों के लिए प्रमोशनों के संचालन के संबंध में पात्रता का सत्यापन और पुरस्कार पहुँचाना

SUMITOMO ELECTRIC GROUP

- हमारी वेबसाइट और सोशल मीडिया के ज़रिए व्यावसायिक भागीदारों ने हमें जो ब्राउज़िंग इतिहास प्रदान किया है उसका विश्लेषण और उक्त व्यावसायिक भागीदारों की अन्य जानकारी का विश्लेषण, और ऐसा करके उन्हें उनकी प्राथमिकताओं और पसंद-नापसंद में फ़िट बैठने वाले उत्पादों की जानकारी देना
- हमारे विज्ञापनों के ज़रिए जो लैंडिंग पेज सेट किया गया है उसे कितनी बार एक्सेस किया गया इस बात का विश्लेषण, और ऐसा करके विज्ञापनों की विषय-वस्तु को और उन्हें दिखाने के स्थानों को बेहतर बनाने का प्रयास करना
- व्यावसायिक भागीदारों के निर्देश पर, या उनकी सूचना और/या सहमति के साथ, किन्हीं भी अन्य व्यावसायिक या वाणिज्यिक प्रयोजनों की पूर्ति
- व्यावसायिक भागीदारों के साथ अनुबंधों का निष्पादन
- व्यावसायिक भागीदारों के साथ व्यावसायिक मोलभावों/समझौता वार्ताओं, बैठकों, या संचार के अन्य रूपों में संलग्नता (उक्त बैठकों आदि की ऑडियो रिकॉर्डिंग और वीडियोटेपिंग करना शामिल)
- व्यावसायिक भागीदारों के कमेंटों, प्रश्नों और अनुरोधों के उत्तर देना, बिक्री-पश्चात सहायता सेवा प्रदान करना, और व्यावसायिक भागीदारों द्वारा अनुरोधित सेवाओं का अन्यथा निष्पादन करना
- व्यावसायिक भागीदारों के प्रश्नावली सर्वेक्षणों का संचालन और उनके परिणामों का विश्लेषण

2. शेयरधारकों का व्यक्तिगत डेटा

- लागू कानूनों या उनके तहत आवश्यक किए गए विनियमों के तहत जो अधिकार हैं उनका उपयोग और जो दायित्व हैं उनका निष्पादन
- सेवाओं की प्रदायगी
- शेयरधारकों के लिए विभिन्न उपायों का कार्यान्वयन
- कानूनों और विनियमों के आधार पर शेयरधारकों की जानकारी का प्रबंधन, जिसमें डेटाबेसों की रचना शामिल है

3. रोज़गार आवेदकों का व्यक्तिगत डेटा

- आवेदकों को रोज़गार से संबंधित जानकारी प्रदान करना और चयन कार्यविधियों के बारे में उनसे संचार करना, या तो उनके विश्वविद्यालयों के ज़रिए या फिर रोज़गार एजेंसियों के ज़रिए
- यह विचार करना कि आवेदकों को नियुक्ति देनी है या नहीं
- जिन आवेदकों को नियुक्ति की पेशकश की गई है उनका प्रबंधन, और नियुक्ति के लिए आवेदकों से सं◌ंबंधित अन्य कार्यविधियों का निष्पादन

4. सभी व्यक्तिगत डेटा के उपयोग के आम प्रयोजन

- धोखाधड़ी, संबंधित नीतियों व नियमों के उल्लंघनों, धमकियों, और क्षति की रोकथाम व उन पर प्रतिक्रिया देना
- हमारी वेबसाइट, सोशल मीडिया अकाउंटों, एप्लिकेशनों, मार्केटिंग गतिविधियों, उत्पादों, और सेवाओं का संचालन, प्रबंधन, और सुधार
- हमारी वेबसाइट और उसकी विषय-वस्तु की एक्सेस का और उन्हें एक्सेस करने की स्पीड का विश्लेषण, और ऐसा करके हमारी वेबसाइट और उसकी विषय-वस्तु को बेहतर बनाने तथा हमारे सिस्टमों और सर्वरों को बेहतर बनाने का प्रयास करना
- कोई भी अन्य प्रयोजन जो लागू कानूनों और विनियमों द्वारा आवश्यक की गई सीमा तक अलग-अलग सूचित या सार्वजनिक रूप से घोषित किए गए हों

## 5. कानूनी आधार

हम लागू कानूनों और विनियमों द्वारा आवश्यक किए गए कानूनी आधार के अनुसरण में आपके व्यक्तिगत डेटा को प्रोसेस करेंगे। संबंधित क्षेत्राधिकारों के लागू कानूनों और विनियमों के अधीन आपके व्यक्तिगत डेटा की संसाधन का कानूनी आधार बदल सकता है।

## 6. प्राप्तकर्ताओं के सामने व्यक्तिगत डेटा का प्रकटन

हम आपके व्यक्तिगत डेटा को न तो बेचेंगे और न ही उसे किराये या पट्टे पर देंगे। हम नीचे वर्णित या विशिष्ट नीतियों में वर्णित ढंग से, और अनुभाग 4 में वर्णित व्यक्तिगत डेटा की संसाधन के

प्रयोजनों की पूर्ति हेतु आवश्यक सीमा तक, और लागू कानूनों तथा विनिमयों के अनुसार, प्राप्तकर्ताओं के सामने आपके व्यक्तिगत डेटा का प्रकटन कर सकते हैं।

1. **ग्रुप कंपनियाँ**

   Sumitomo Electric Industries, Ltd. की सहबद्ध और संबंधित कंपनियाँ जो इसलिंक में सूचीबद्ध हैं पर वे इन्हीं तक सीमित नहीं हैं ("ग्रुप कंपनियाँ")।

2. **सेवा प्रदाता**

   सेवा प्रदाता, जैसे इंटरनेट सेवा प्रदाता, वेब वैश्लेषिकी सेवा प्रदाता, क्लाउड सेवा प्रदाता, सॉफ़्टवेयर वेंडर, बिक्री सांख्यिकीय वैश्लेषिकी सेवा प्रदाता, भर्ती या रोज़गार एजेंसियाँ, पेशेवर सलाहकार, या परामर्शदाता।

3. **अन्य**

   विलय और अधिग्रहण के संभावित भागीदार, कानूनी या नियामक प्राधिकरण, या अन्य तृतीय-पक्ष।

# 7. सीमापार अंतरण

**हम वैश्विक स्तर पर व्यावसायिक गतिविधियों में संलग्न हैं, और कुछ मामलों में हम आपका व्यक्तिगत डेटा किसी ऐसे देश या क्षेत्र को भेजेंगे जहाँ के डेटा संरक्षण कानून, विनियम, और ऐसे ही अन्य नियम, आपके निवास वाले देश या क्षेत्र के व्यक्तिगत डेटा संरक्षण संबंधी कानूनों, विनियमों और ऐसे ही अन्य नियमों के समतुल्य नहीं हैं। आपका व्यक्तिगत डेटा**

**विदेश भेजने पर, हम लागू कानूनों और विनियमों में वर्णित उपबंधों के अनुसार उपयुक्त उपाय करेंगे।**

## 8. व्यक्तिगत डेटा के लिए भंडारण सीमा

जब तक अन्यथा इंगित न हो तब तक, हम आपके बारे में हमारे द्वारा एकत्र व्यक्तिगत डेटा को उक्त व्यक्तिगत डेटा की संसाधन हेतु आवश्यक समय तक अपने पास रखेंगे, तब के सिवाय जब कानून हमारे लिए उस डेटा को अधिक समय तक रखना आवश्यक करता हो, और तब हम उसे कानून द्वारा आवश्यक की गई अवधि तक अपने पास रखेंगे।

व्यक्तिगत डेटा को अपने पास रखने की उपयुक्त अवधि के निर्धारण के लिए, हम व्यक्तिगत डेटा की मात्रा, प्रकृति और संवेदनशीलता पर, आपके व्यक्तिगत डेटा के अनधिकृत उपयोग या प्रकटन से हानि होने के संभावित जोखिम पर, जिन प्रयोजनों से हम आपके व्यक्तिगत डेटा की संसाधन करते हैं उन प्रयोजनों पर, हम उन प्रयोजनों की पूर्ति अन्य साधनों से कर सकते हैं या नहीं इस बात पर, और लागू कानूनी आवश्यकता पर विचार करेंगे।

## 9. आपके अधिकार

हमारे पास आपके बारे में जो डेटा है उसके संबंध में आपके पास, आपके निवास स्थान पर निर्भर करते हुए, कुछ कानूनी अधिकार हो सकते हैं। ये अधिकार आपके निवास के स्थान पर और आप

व हमारे बीच के संबंध पर लागू डेटा संरक्षण कानूनों पर निर्भर करते हुए अलग-अलग हो सकते हैं, पर आम तौर पर इनमें ये अधिकार शामिल होंगे:

1. आपके व्यक्तिगत डेटा की संसाधन के बारे में जानकारी पाने का अधिकार और हमारे पास आपके बारे में जो डेटा है उसे एक्सेस करने का अधिकार;
2. यह अनुरोध करने का अधिकार कि यदि आपका व्यक्तिगत डेटा अशुद्ध या अपूर्ण है तो हम अशुद्धि या अपूर्णता को खत्म करें;
3. यह अनुरोध करने का अधिकार कि हम आपका डेटा मिटा दें;
4. यह अनुरोध करने का अधिकार कि हम आपके व्यक्तिगत डेटा की संसाधन सीमित/प्रतिबंधित कर दें;
5. आपके व्यक्तिगत डेटा की हमारी संसाधन के बारे में हम पर आपत्ति करने का अधिकार;
6. आपके व्यक्तिगत डेटा की हमारी संसाधन पर अपनी सहमति वापस लेने का अधिकार। (यह अधिकार केवल वहाँ मौजूद होता है जहाँ हम आपके व्यक्तिगत डेटा को प्रोसेस करने की सहमति पर निर्भर हों। सहमति वापस लेने से, सहमति वापस लिए जाने से पहले हो चुकी संसाधन की वैधता प्रभावित नहीं होगी।)

बशर्ते कि अपने अधिकारों के उपयोग का आपका अनुरोध लागू कानूनों और विनियमों के दायरे के भीतर हो, आप नीचे अनुभाग 12 में हमारे बारे में दी गई जानकारी के उपयोग द्वारा हमसे संपर्क करके अपने अधिकारों का उपयोग कर सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि लागू डेटा संरक्षण कानून के

तहत अनुमति होने पर, हम आपके अनुरोध की संसाधन के लिए आपसे एक उचित शुल्क ले सकते हैं। साथ ही, कृपया ध्यान दें कि हम आपके अनुरोध को संसाधित करें उससे पहले आपको आपकी पहचान की सत्यापन के लिए हमें अतिरिक्त जानकारी देनी पड़ सकती है।

## 10. सुरक्षा

दुर्घटनावश/भूलवश या गैरकानूनी विनाश, हानि, उपयोग या परिवर्तन के विरुद्ध और अनधिकृत प्रकटन या पहुँच के विरुद्ध आपके व्यक्तिगत डेटा के संरक्षण के लिए हम पर्याप्त संगठनात्मक, मानवीय, भौतिक और तकनीकी सुरक्षा उपायों का उपयोग करते हैं।

## 11. इस नीति में बदलाव

हम समय-समय पर इस नीति को संशोधित कर सकते हैं और हम संशोधनों की "पिछली अपडेट" प्रभावी होने के दिनांक के साथ अपडेट की हुई नीति को पोस्ट करेंगे। हम आपको यह नीति समय-समय पर दोबारा पढ़ने का सुझाव देते हैं। यदि हम इस नीति में कोई महत्वपूर्ण बदलाव करते हैं, तो आपको उपयुक्त सूचना मिलेगी, जैसे हमारी वेबसाइट पर पोस्ट की गई सूचना।

## 12. हमारे बारे में जानकारी

1. **नियंत्रक का नाम**: Sumitomo Electric Industries, Ltd.
2. **मुख्य कार्यालय का पता**:4-5-33, Kitahama, Chuo-ku, Osaka City, Osaka, Japan
3. **मुख्य व्यक्तिगत डेटा प्रबंधक का नाम**: कृपया यहाँ क्लिक करें।

4. **पूछताछ फ़ॉर्म**: कृपया यहाँ क्लिक करें

यदि आपको इस नीति, अपने अधिकारों, या आपके व्यक्तिगत डेटा के संरक्षण से संबंधित किन्हीं अन्य मुद्दों के बारे में कोई प्रश्न पूछना हो, तो आप ऊपर दिए गए पूछताछ फ़ॉर्म का उपयोग करके हमसे संपर्क कर सकते हैं।

प्रभावी होने का दिनांक : 14 अप्रैल, 2023

पिछली अपडेट: 14 अप्रैल, 2023